तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 दर्शक जिसके लिए रुके थे, वही कार्यक्रम 15 मिनट में समाप्त



14 यादव समाज के बच्चों ने दी राउत नाचा की पारंपरिक प्रस्तुति



## खबर संक्षेप

### स्कूल सफाई कर्मचारी संघ का दीपावली मिलन आज

**मगरलोड।** स्कूल सफाई कर्मचारी संघ का विकासखंड स्तरीय दीपावली मिलन समारोह 7 नवंबर गुरुवार को 11 बजे रामलीला मैदान मगरलोड रखा गया है। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी ब्लॉक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, सचिव रामेश्वर ध्रुव, कोषाध्यक्ष दाऊलाल ने दी है।

### सेमरा में सहस्त्रबाहु जयंती 8 को

**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्रामीण कलार समाज द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती 8 नवंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी। समाज के लोगों द्वारा माता सत्ती की शिला स्थापना की जायेगी। कार्यक्रम में ग्रामीण, मंडलेश्वर व जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### पुरेना में मड़ई मेला का आयोजन 8 को

**अंवरी।** ग्राम पुरेना स्थित मां अंगारमोती मंदिर परिसर में मड़ाई मेला का आयोजन 8 नवंबर को किया जा रहा है। सरपंच मनोज टंडन ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर संगवारी लोक कला मंच का आयोजन रखा गया है।

- जोरातराई (अं) में होगा कविता वासनिक का सांस्कृतिक कार्यक्रम

इसी तरह जोरातराई (अं) के सरपंच खिलावन पाल ने बताया कि जोरातराई में भी स्कूल चौक रंगमंच पर बुजुर्गों का सम्मान समारोह रखा गया है। रात्रि में लोकरंग अनुराग धारा कविता वासनिक राजनांदगाव का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### प्राक्चयन परीक्षा रायपुर में 10 को

**धमतरी।** युवा करियर निर्माण योजना के तहत प्री. मेडिकल एवं प्री. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा 10 नवम्बर को दोपहर 12 से दो बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग रायपुर में आयोजित की गई है।

### सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए आवेदन 13 तक

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रवेश प्रारंभ है। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम आठवीं उत्तीर्ण और 5 फीट 6 इंच लंबाई के पुरूष आवेदक 13 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

### फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी प्रशिक्षण 11 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा 11 नवम्बर से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि पूरी तरह से आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। आवेदकों को राशनकार्ड, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 4 पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में उपस्थित होने कहा गया है।

---

जनजातीय गौरव स्मृति महोत्सव में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

**कलमकारों ने अपने हिसाब से लिखा इतिहास**

# कई हीरो हैं, जिन्हें नहीं मिला न्याय : टेकाम

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

लिखने वालों ने इतिहास अपने हिसाब से लिखा। भगवान बिरसामुंडा, रानी दुर्गावती, गुंडाधुर, वीरनारायण सिंह जैसे महापुरूषों को इतिहास में वह सम्मान नहीं मिला, जिन पर उनका हक है। जनजातीय महापुरूषों ने आजादी के लिए विद्रोह का आगाज किया था, लेकिन आजादी के 77 साल भी उनके योगदान को इतिहास में जगह नहीं मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के इन परवानों को सम्मान देने के लिए जनजातीय गौरव महोत्सव की शुरूआत की है। पूरे देश में इसे उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह बातें केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कही।

भोपाल राव शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बुधवार को जनजातीय गौरव महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी युग, शताब्दी या कार्यक्रम में जनजातीय जीवन का योगदान नहीं है तो उसमें जान नहीं होती है। संस्कृति, पहनावा, रहन सहन से ही हमारी पहचान है। इस संस्कृति को जिंदा रखने की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी साधन सम्पन्न नहीं थे। इसके बावजूद उन्होंने उस समय के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य के शासक अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया था। जनजातीय समाज ने इतिहास के हर कालखंड में अपनी भूमिका निभाई। लेकिन साधन संपन्न नहीं होने के कारण उनके योगदान को महत्व नहीं दिया गया। कलमकारों ने इतिहास अपने हिसाब से लिखा। वे जिन्हें हीरो बनाना चाहते थे, उन्हीं के हक में कलम चलाई। हमारे देश में 10 प्रतिशत आबादी जनजाति की है। छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत आबादी है। प्रधानमंत्री मोदी को हमें धन्यवाद देना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए वे आदिवासियों को इतिहास में उनकी सही जगह दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

कार्यक्रम में गोड़ महासभा के संरक्षक शिवचरण नेताम, मां अंगारमोती ट्रस्ट के पूर्व कोषाध्यक्ष सुदर्शन ठाकुर, रूद्री सरपंच अनीता यादव, मयाराम नागवंशी, कॉलेज के प्राध्यापक भुखनलाल देवांगन, चंद्रशेखर मंडावी, हर्षद मोहते, जयप्रकाश डडसेना, देव्यांशु देवांगन, डाली डडसेना सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं और कॉलेज स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।





### क्या भारत के इतिहास ने न्याय किया

गोंडवाना गोड़ महासभा के राष्ट्रीय सचिव लोकेंद्र सिंह भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वे लंबे समय तक भोपाल राव शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य भी थे। उन्होंने कहा कि तिल्का मांझी, जिन्हें आदि विद्रोही का दर्जा प्राप्त है। क्या भारत के इतिहास ने उनके साथ न्याय किया। जनजातीय गौरव महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। आखिर इस कार्यक्रम की जरूरत क्यों पड़ी। आधुनिक भारत के इतिहास में कई महापुरूष हुए हैं, लेकिन इतिहास में उन्हें वह सम्मान नहीं मिला, जिन पर उनका हक है। देर से ही सही पर इस कार्यक्रम से इन महापुरूषों को उचित सम्मान देने की पहल हुई है।

### यथार्थ के पुजारी हैं आदिवासी

जनजातीय शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष आएन ध्रुव ने कहा कि आदिवासी इतिहास को लिखा जाए तो कई रामायण और महाभारत लिखना पड़ जाएगा। आदिवासी प्रकृति के पुजारी हैं। जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने में अग्रणी हैं। आदिवासी समाज पहले से जागरूक है। यहां पर बेटियों को बोझ नहीं समझा जाता है। न ही यहां कभी दहेज प्रथा रही है। शादी हो या अंतिम संस्कार पूरा समाज एकजुट होकर काम करता है। गोवर्धन गोड़ सहित 63 लोगों की सूची है, जो गजट में प्रकाशित है। इन महापुरूषों ने आजादी के संघर्ष में खुलकर भाग लिया था। इसके बाद भी इतिहास में उन्हें सम्मान नहीं मिला।

### लोगों में छोड़ी अमिट छाप

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य जीआर साहू ने की। उन्होंने कहा कि 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ, जिसमें गोड़, मुरिया सहित अन्य जनजातीय समाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शहीद वीर नारायण सिंह ने 500 सैनिकों का दल तैयार किया था। उन्होंने गरीबों में राशन वितरण किया। विद्रोह के आरोप में उन्हें फांसी की सजा दी गई। जनजातीय समाज ने स्वतंत्रता के आंदोलन में अमिट छाप छोड़ी है। इस कार्यक्रम के लिए छात्रों का चयन किया गया है। ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी।

### हुए मनमोहक कार्यक्रम



जनजातीय गौरव स्मृति महोत्सव में छात्र- छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शुरूआत गोड़ी नृत्य से हुई, जिसमें छात्र छात्राओं की प्रस्तुति देखकर दर्शक तालियां बजाते रहे। इसक बाद गायन और वाद्य कला की प्रस्तुति हुई। छात्र छात्राओं ने खुद ही वाद्ययंत्र बजाया और गीत गाया। बारहमासी त्योहारों के गीत की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

---

# त्योहार के बाद जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़

- तीन दिनों में 1500 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

दीपावली त्योहार के बाद से जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। बीते तीन दिनों में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या 1500 से पार कर गई है।

जिला चिकित्सालय वैसे तो रोजाना मरीजों से खचाखच भरा रहता है लेकिन दीपावली त्योहार मनाने के बाद से अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। बीते सप्ताह त्योहार के कारण लोग कामकाज में जुट गए थे। इसी बीच त्योहार व राज्योत्सव के चलते दो दिन शासकीय अवकाश के कारण अस्पताल की ओपीडी बंद रही।

2 नवंबर को अस्पताल की ओपीडी सेवा एक दिन के लिए बहाल हुई थे। दूसरे दिन रविवार पड़ने के कारण ओपीडी सेवाएं फिर बंद हो गईं। इस दौरान लोग भी त्योहार मनाने में व्यस्त हो गए थे। त्योहार मनाने के बाद इस सप्ताह अस्पताल की ओपीडी सहित अन्य सेवाएं सामान्य रूप से शुरु हुईं। इसी के साथ सप्ताह के पहले दिन जिला अस्पताल में ओपीडी व आईपीडी मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को 537 ओपीडी मरीजों की आनलाइन पंजीयन पर्ची बनाई गई। दूसरे दिन मंगलवार को 545 मरीज उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। तीसरे दिन बुधवार को मरीजों की पहले शिफ्ट में ओपीडी पंजीयन 487 रहा। मैन्युल पंजीयन पर्ची व सेकेंड शिफ्ट में मिलाकर मरीजों की संख्या 500 पार पहुंच गई। बीते तीन दिनों में अस्पताल की ओपीडी मरीजों के पंजीयन का संख्या 1565 से पार कर गई है।





### ज्यादातर सर्दी-खांसी व सामान्य मरीज

त्योहार के बाद जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने का एक कारण मौसम परिवर्तन है। दीपावली के बाद ठंड ने दस्तक देनी शुरु कर दी है। दिन में गर्मी व रात में ठंड का अहसास होने लगा। सर्द गर्म मौसम के कारण लोगों की सेहत बिगड़ने लगी है। अस्पताल पहुंचने वालों में ज्यादातर रूटीन के मरीज है जिसमें सर्दी खांसी, बुखार, नाक ,कान, गला, हड्डी रोग, दंत रोग, बीपी शुगर, पेट दर्द, सिर दर्द, कमजोर व गर्भवती महिलाएं उपचार व चेकअप के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें एल्कोहोलिक पेशेंट भी शामिल हैं।

# तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गांव के चौक में तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहे युवक को भखारा पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

- भखारा पुलिस की कार्रवाई

भखारा पुलिस को मुखबिर ने ग्राम कानामुका के महावीर चौक के पास एक युवक द्वारा धारदार तलवार लहराकर आने जाने वालों को भयभीत करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल ग्राम कानामुका पहुंची, जहां महावीर चौक में एक युवक तलवार लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त युवक को पकड़कर उसके कब्जे से तलवार जब्त की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित धनकर पिता कलीराम उम्र 24 वर्ष ग्राम कानामुका थाना भखारा निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी को तलवार सहित गिरफ्तार कर लिया। भखारा थाना में आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी रोहित धनकर को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



---

# रोजगार, स्वरोजगार पर मार्गदर्शन करेंगी पद्मश्री फूलबासन यादव

- 10 नवंबर को देवांगन धर्मशाला में होगा मोटिवेशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिला युवा प्रकोष्ठ देवांगन समाज के तत्वावधान में रोजगार, स्वरोजगार मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 10 नवंबर को देवांगन धर्मशाला दानीटोला में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव होंगी।



जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन ने बताया कि जिला युवा प्रकोष्ठ एवं जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में रोजगार, स्वरोजगार मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन कार्यक्रम दानीटोला स्थित देवांगन धर्मशाला में 10 नवंबर को रखा गया है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित व मां बम्लेश्वरी जनहित कार्य समिति की निर्माता फूलबासन बाई यादव हैं। श्रीमती यादव द्वारा शुरु किए गए महिला स्वसहायता समूह में दो लाख से अधिक महिला, युवा काम कर रहे हैं। उनकी टीम द्वारा घरेलू प्रोडक्ट बनाने की ट्रेनिंग दी जाती है। प्रोडक्ट सेल करने की योजनाएं हैं।

श्रीमती फूलबासन यादव मोटिवेशन कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक ओंकार साहू, विशिष्ट अतिथि महापौर विजय देवांगन, भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, नपं भखारा अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता देवांगन, प्रोफेशनल उद्यमी सतीश वर्मा, बुनकर शिल्प संघ के प्रदेश सचिव अवध देवांगन, गायक संगीतकार ओपी देवांगन, जिला देवांगन समाज संरक्षक कुंजलाल देवांगन, छग देवांगन समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, घनश्याम देवांगन होंगे।

# चिटफंड कंपनी की कुर्क राशि को वापस दिलाने निवेशकों ने उठाई आवाज

- अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सनसाइन इंफ्राबिल्ड कार्पोरेशन चिटफंड कंपनी के निवेशकों ने शासन के कोष में जमा राशि को शीघ्र वापस दिलाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ ने उक्त आशय का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा है।

बुधवार को अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ ब्लाक नगरी के चंदन साहू, राधेश्याम साहू , तेजकुमार साहू, चेतना बिसेन, महेंद्र नेताम, छन्नूराम, हेमलाल साहू, विजय उइके, शेखन, भगवान ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में कहा है कि नगरी ब्लाक अंतर्गत ग्राम भोथली, बोड़रा, कमारगांव, गीतकारमुड़ा, मसानडबरा, फरसियां, गोरेगांव, अमाली, नगरी, सांकरा, सोंढूर, अरसीकन्हार, तुमड़ीबहार, दौड़ पंडरीपानी, मल्हारी, मुसुपुट्टा, मावलीपारा, दुगली, खरका, जबर्रा, भैंसामुड़ा के हजारों निवेशकों ने अपने खून पसीने की कमाई को सनसाइन इंफ्राबिल्ड कार्पोरेशन प्रा.लि. में जमा किया है। इस कंपनी का ब्रांच अर्जुनी मोड़ देविका भवन धमतरी की दूसरी मंजिल में संचालित था। सन 2014-15 में शासन ने इस कंपनी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर चिटफंड कंपनी घोषित किया। शासन द्वारा वादा किया गया कि उक्त कंपनी में निवेश की गई जमा राशि को कंपनी की चल - अचल संपत्ति को नीलाम कर वापस किया जाएगा। कंपनी की चल-अचल संपत्ति को कुर्क किया गया है। वहीं कुछ जमीन को नीलाम कर शासन के कोष में जमा किया गया है, लेकिन सालों बीतने के बाद भी निवेशकों का पैसा वापस नहीं किया जा रहा है।

अभिकर्ता एवं उपभोक्ता संघ का कहना है कि समय पर जमा राशि नहीं मिल पाने से कई निवेशक आर्थिक तंगी, मानसिक तनाव में आत्महत्या कर चुके हैं। अनेक बेटे बेटियों की शादी नहीं हुई है। खराब स्वास्थ्य का उपचार नहीं करा पा रहे हैं। कई बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से निवेशकों का पैसा शीघ्र वापस दिलाने की मांग की है।





---

**नवपदस्थ निगम कमिश्नर प्रिया गोयल की हरिभूमि से खास चर्चा**

# शहर विकास निगम की होगी पहली प्राथमिकता : प्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी की नवपदस्थ निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने बुधवार को अपने चेंबर में हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर का विकास है। साथ ही बुनियादी समस्याओं को दूर करना, आम जनता को सहूलियतें प्रदान करना, बिजली, पानी, सफाई के लिए लोगों को भटकना न पड़े ऐसी सुविधाएं जनता को मिल सके, प्रयास करेंगे।

सुश्री गोयल ने कहा कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम काफी पुराना है। शहर की बसाहट को देखते हुए ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जाएगा ताकि बारिश का पानी शहर से बाहर निकल सके। शहर के अंदर की सड़कों के चौड़ीकरण के लिए प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। जनसहयोग से शहर के लावारिस पशु व आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने की कोशिश रहेगी ताकि शहरवासियों को सुगम यातायात व्यवस्था मिल सके। शहर सीमा के अंदर अस्तित्व में रहे सभी तालाबों को संवारा जाएगा। तालाबों के अस्तित्व को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आम जनता से आग्रह करते हुए कहा कि शहर विकास में वे भी सामने आएं और धरोहरों को बचाने के लिए निगम का सहयोग करें।

उन्होंने टैक्स वसूली को डिजिटली करने पर जोर दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा टैक्स निगम को मिल सके। निगम की आय के स्त्रोत दुकानों को किराया से देने की योजना पर पहल करेंगी। बड़े बकायादारों से वसूली को भी ध्यान में रखकर कार्य किया जाएगा। तालाबों में हुए अतिक्रमण पर आयुक्त ने कहा कि तालाबों के संरक्षण पर निगम प्राथमिकता से कार्य करेगा। तालाबों में हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। शहर के गार्डनों का कायाकल्प करने की दिशा में प्रयास करेंगे। गोकुल नगर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसमें द्विपक्षीय वार्ता करके समाधान निकाला जाएगा ताकि किसी का नुकसान भी न हो और शहर डेयरियों से मुक्त हो सके।



हरिभूमि
**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### ओव्हर, संपवेल व सेडीमेंट टैंक की 11 से की जाएगी सफाई पानी सप्लाई रहेगी प्रभावित

**कांकेर।** नगरपालिका परिषद के द्वारा स्थापित ओव्हर टैंक, संपवेल टैंक, सेडीमेंट टैंक की आधुनिक पद्वित से सफाई करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। यह अभियान 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 18 नवंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत सुबह के समय पानी की सप्लाई की जाएगी, वहीं शाम की सप्लाई प्रभावित होगी। नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोहेल कुमार के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को सेडीमेंट टैंक जलशोधन सयंत्र, 12 नवंबर को संपवेल टैंक जलशोधन सयंत्र, 13 नवंबर को अलबेलापारा अस्पतल के पास का टैंक, 14 नवंबर को मुक्तिधाम के पास का टैंक, 15 नवंबर को आरईएस कालोनी के पास का टैंक, 16 नवंबर को नया बस स्टैंड के पास का टैंक, 17 नवंबर को अघन नगर के मेलाभाटा के पास का टैंक और 18 नवंबर को फायर स्टेशन के पास का टैंक की सफाई की जाएगी। अलबेलापारा टंकी की सफाई होने पर माहुरबंदपारा, अलबेलापारा, उदयनगर वार्ड प्रभावित होंगे। मुक्तिधाम टंकी की सफाई होने पर अन्नपूर्णापारा, मांझापारा वार्ड प्रभावित होंगे। रामनगर की टंकी सफाई होने पर रामनगर, शिवनगर, भंडारीपारा, शीतलापारा, आमापारा, जवाहर वार्ड, संजय नगर वार्ड प्रभावित होंगे। नए बस स्टैंड टंकी की सफाई होने पर कंकालिनपारा, एमजी वार्ड, शांतिनगर, अघन नगर, बरदेभाटा, जनकपुर, राजापारा वार्ड प्रभावित होंगे। मेलाभाटा टंकी की सफाई होने पर जनकपुर वार्ड, राजापारा, एमजी वार्ड, अघन नगर, फायर ब्रिगेड की टंकी से महादेव वार्ड, माहुरबंदपारा, जवाहर वार्ड, संजय नगर, आमापारा, मांझापारा, भंडारीपारा वार्ड प्रभावित होंगे। निर्धारित तिथि को टंकी के प्रभावित ईलाके पर पानी शाम के समय सप्लाई नहीं हो पाएगा, सुबह के समय पानी की सप्लाई होगी।

## निधन

### ओमप्रकाश साहू



**धमतरी।** ग्रामीण साहू समाज छाती के कोषाध्यक्ष एवं बूथ युवा प्रभारी भाजपा ओमप्रकाश साहू का आकस्मिक निधन 3 नवम्बर रविवार को हो गया है। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### राज्योत्सव के अंतिम कार्यक्रम में दर्शक हुए मायूस

# दर्शक जिसके लिए रूके थे, वही कार्यक्रम 15 मिनट में समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्योत्सव को लेकर लोगों का गुस्सा उस समय बढ़ गया, जब प्रकाश अवस्थी नाइट को मात्र 15- 20 मिनट में ही समाप्त कर दिया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए ही लोग अंत तक डटे थे। दर्शकों के आग्रह पर प्रकाश अवस्थी ने अपनी फिल्म का एक गाना प्रस्तुत किया। इससे पहले ही अधिकारी कार्यक्रम की घोषणा कर घर लौट गए थे।

डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उमा शाला के खेल मैदान में मंगलवार को राज्योत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए शासन से फंड नहीं मिला। अधिकारियों पर दबाव बनाकर कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। इधर -उधर से फंड जुगाड़ कर शानदार मंच और प्रदर्शनी लगाई गई थी लेकिन इस कार्यक्रम का लाभ लोगों को ज्यादा वक्त तक नहीं मिला। उधर अतिथि के तौर पर आमंत्रित महापौर विजय देवांगन एवं विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने इस कार्यक्रम से दूरी बना ली थी। राज्योत्सव कार्यक्रम ही शाम को शुरू हुआ। भाषण और उद्बोधन में ही ज्यादा वक्त खप गया। अंत में छालीवुड के सुपर स्टार प्रकाश अवस्थी का कार्यक्रम रखा गया था। दर्शक इस कार्यक्रम को देखने के लिए अंत तक खेल मैदान में डटे रहे लेकिन अधिकारियों ने उनका शो शुरू होने के कुछ ही देर बाद ही कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा कर दी। इससे दर्शकों में नाराजगी बढ़ गई। दर्शकों के आग्रह पर सुपर स्टार श्री अवस्थी ने एक गाने की और प्रस्तुति दी। वहीं मंच पर मौजूद एक शिक्षक ने दोबारा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की और दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों से घर जाने का आग्रह किया। 10:20 मिनट पर दर्शक मायूस होकर लौटे।





# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की हो सकती है बर्खास्तगी?

- मामला तेंदुभाठा में आंगनबाड़ी की छात्रा की कुएं में डूबने से हुई मौत का

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय समीपस्थ ग्राम तेंदुभाठा की आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली बालिका सेजल ध्रुव उम्र 3 वर्ष की कुएं में डूबने से मौत हो गई है। घटना 23 अक्टूबर की दोपहर डेढ़ बजे की है। महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय मगरलोड की टीम ने कार्यकर्ता, सहायिका, पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों की संयुक्त बैठक कर लिखित ब्यान दर्ज किया है। ग्रामीणों ने इस घटना के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की लापरवाही को जिम्मेदार माना है। ग्रामीण कार्यकर्ता, सहायिका को पद से बर्खास्त करने के बाद ही आंगनबाड़ी केन्द्र में अपने बच्चों को भेजने पर अड़े हुए हैं। घटना के बाद से अब तक केन्द्र में ताला लटका हुआ है।




महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय के प्रतिवेदन के आधार पर कार्यकर्ता, सहायिका की लापरवाही सामने आई है। शासकीय प्रक्रिया की तमाम कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती नियम प्रक्रिया एवं पद से बर्खास्त करने नियमानुसार शासन की गाइडलाइन का उल्लेख कर घटना को संवेदनशील माना जा रहा है। ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों की देखरेख एवं सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी कार्यकर्ता, सहायिका की मानी जाती है। इस घटना के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को पद से बर्खास्त करने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### विभिन्न संकाय में 160 सीटों की बढ़ोतरी के साथ कुरुद व भखारा कॉलेज के लिए 13 पद स्वीकृत

# विधायक अजय के प्रयास से विस क्षेत्र कुरुद एजुकेशन हब के रूप में हो रहा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के विशेष प्रयास से कुरुद विधानसभा क्षेत्र एजुकेशन हब के रूप में विकसित होते दिखाई दे रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में एक और आयाम जोड़ते हुए उन्होंने शासकीय गुरु गुरुघासीदास स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद एवं महर्षि वेदव्यास स्नाकोत्तर महाविद्यालय भखारा में 8 नवीन विषय संकाय प्रारम्भ करने लिए कुल 160 सीटों की बढ़ोतरी के साथ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं परिचारक लिए कुल 13 पदों के सृजन की स्वीकृति दिलाई है।




छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार विधायक चंद्राकर की मांग पर गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में स्नातक स्तर पर नवीन विषय एंथोप्रलाजी व होम साइंस की 20-20 सीट शुरू करने प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं परिचारक के लिए क्रमशः 1-1 पद सृजित किया गया है। इसी क्रम में संस्कृत की 20 सीट के लिए एक पद सहायक प्राध्यापक के लिए सृजित हुआ है। स्नाकोत्तर स्तर पर लोक प्रशासन संकाय हेतु 20 सीटों के साथ प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक के लिए एक-एक पद सृजित किया गया।

इसी प्रकार महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए समाजशास्त्र, बीए इतिहास, बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एवं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विषय हेतु प्रत्येक संकाय में 20-20 सीटों की बढ़ोतरी के साथ प्रत्येक हेतु एक-एक पद सहायक प्राध्यापक के पद सृजित हुआ है। उक्त स्वीकृति पर दोनों कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, हरखचन्द जैन, ज्योति भानु चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, मालकराम साहू, सत्यप्रकाश सिन्हा, आनंद यदु, रामगोपाल देवांगन, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, गौतम जैन के अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े विद्यार्थियों ने हर्ष जाहिर कर विधायक चंद्राकर का आभार माना है।

# कोलियारी के पास ट्रेलर में लगी अचानक आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया

सिहावा रोड स्थित ग्राम कोलियारी के पास एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वाहन महाराष्ट्र का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम 7 बजे कोलियारी के पास एक ट्रेलर में आग लग गई। वाहन क्रमांक एमएच 37 टी 1725 के ड्राइवर ने बताया कि वह गाड़ी को साइड में खड़ी कर चाय पीने के लिए गया था। अचानक गाड़ी के इंजन में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल पहुंचे फायर बिग्रेड के शितेष पवार, दिलीप निषाद ने बताया कि टीम ने तत्काल एक्शन लेते हुए आग पर काबू पा लिया है।

## बुजुर्गों को शॉल व थर्मस भेंट किया




**सिर्री।** देवा साहू परिवार भैंसमुंडी द्वारा द माया जीवन फाउण्डेशन चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से गांव में शैक्षणिक, सामाजिक, धार्मिक कार्यों हेतु प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता जरूरतमंदों को प्रदान की जाती है।

इसी कड़ी में बुजुर्गों को शॉल व गर्म पानी हेतु थर्मस प्रदान किया गया। मौके पर देवा साहू, राजेश साहू, हर्षित साहू, सागर साहू, मुकुल साहू उपस्थित थे। इस कार्य के लिए बुजुर्गों ने श्री साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## धान की कटाई, मिंजाई में जुटे किसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दीपावली पर्व के बाद नगरी सिहावा अंचल में खरीफ फसल धान की कटाई, मिंजाई में किसान व्यस्त हो चुके हैं। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में सुबह से ही किसान अपने खेतों की ओर जाते दिख रहे हैं। किसान अपन खेतों में मेहनत के फल को सहेजने में लगे हैं। किसान गाड़ी से अपने धान की ढुलाई कर रहे हैं। दूसरी तरफ मजदूरों की कमी के चलते किसान हार्वेस्टर मशीन से भी फसल को कटवा रहे हैं।

# हर समस्या का समाधान हम स्वयं हैं और कोई नहीं : रामदयाल

- शिविर में जीवन प्रबंधन विषय पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में जारी है। द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों ने प्रातः उठकर प्रभातफेरी की एवं नारे लगाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात परियोजना कार्य के अन्तर्गत शिविर स्थल तथा गलियों की सफाई की गई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया जो जीवन प्रबंधन विषय पर केंद्रित रहा। वक्ता रामदयाल साहू व्याख्याता एवं शिक्षिका मंजुलता साहू थी।



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मंजुलता साहू ने जीवन प्रबंधन को समय प्रबंधन से जोड़ते हुए कहा कि यदि आपने अपने टाईम को मैनेज कर लिया, समय को अपनी मुट्ठी में कर लिया तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। हर व्यक्ति की परिस्थितियां अलग होती हैं। हर परिस्थिति में यदि हम अपने आपको जानना सीख गये, पहचानना सीख गये तो आगे बढ़ना सीख ही जायेंगे।

मुख्य वक्ता रामदयाल साहू ने कहा कि जीवन को व्यवस्थित करना ही जीवन प्रबंधन है। गौरैया पक्षी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक पक्षी अपनी जीवनचर्या को कितनी व्यवस्थित रखता है। मनुष्य के पास दिमाग है इसलिए जीवन की सारी समस्याएं हमारे पास है और हम इसे व्यवस्थित करने की उधेड़बुन में लगे रहते हैं। अपने आपको व्यस्त रखना ही जीवन प्रबंधन का बेहतरीन तरीका है। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी के प्राचार्य रामकुमार टांडे, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक जगमोहन साहू, प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका निर्मलकर मैडम उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन रासेयो इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने किया।

**न्यायालय-श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

प्रोसेस क्रमांक-2105/24
दावा प्रकरण क्रमांक-124/2023
आदेश दिनांक-25/10/2024
पेशी दिनांक-07/12/2024

श्रीमती नेमीन बाई व अन्य ...... आवेदकगण
विरूद्ध
रवि सिन्हा बगैरह ...... अनावेदकगण

**दीपक जायसवाल, पिता नंद कुमार जायसवाल, उम्र 42 वर्ष, पता ग्राम तरसीवा, थाना अर्जुनी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

आप अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदक के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष दावा प्रकरण क्रमांक 124/2023, पक्षकार श्रीमती नेमीन बाई व अन्य विरूद्ध रवि सिन्हा वगैरह प्रस्तुत किया है, जिसमें आवेदकगण के पुत्र खुगेन्द्र कुमार साहू का आकस्मिक मोटर दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से क्षतिपूर्ति हेतु मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायालय में 2,04,00,000/- रूपये का क्षतिपूर्ति दावा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसकी आगामी सुनवाई तिथि 07/12/2024 को प्रकरण के निराकरण के लिए नियत किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त श्रवण तिथि को आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 07/12/2024 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवायी की जावेगी। आज दिनांक 06/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**(के.एल. चरयाणी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**ग्राम भेण्डसर प.ह.न. 05 रा.नि.म.भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी स्थित भूमि के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कि मेरे पक्षकार ने मनोज कुमार (एवं 3 अन्य ) पिता गुलाब राम निवासी भेण्डसर तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा भेण्डसर प.ह.न.05 रा.नि.म.भखारा, तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. स्थित खसरा न.242 का टु.रकबा 0.12 हेक्टे. को क्रय करने का पक्का सौदा तय किया गया है, अब केवल सौदे की संपूर्ण राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अन्तरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजो सहित लिखित में प्रस्तुत करे ।समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा । सो सूचना जाने ।

स्थान- भखारा
दिनांक- 06/11/2024

**डी.आर. साहू. (अधिवक्ता)**
**पता-मंडी रोड नगर पंचायत**
**भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**
**मो.न. 98275-97255**

### उपसंचालक कृषि मोनेश ने किसानों से फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की

# खेतों में मित्र कीटों की संख्या कम हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खेतों में फसल अवशेष जलाने से निकलने वाले धुएं में मौजूद जहरीली गैसों से न सिर्फ मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, बल्कि वायु प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है।

उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने किसानों ने खेतों में फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से ग्रीन हाऊस प्रभाव पैदा करने वाली हानिकारक गैस जैसे मीथेन, कार्बन मोनोअक्साईड, नाइट्रस ऑक्साईड तथा नाइट्रोजन के अन्य ऑक्साईड का उत्सर्जन होता है। बायोमॉस जलाने से उत्सर्जित होने वाले धुएं में फेफड़ों की बीमारी को बढ़ाने वाले तथा कैंसर उद्दीपक विभिन्न ज्ञात तथा संभावित प्रदूषक भी होते हैं। फसल अवशेष जलाने से केंचुएं, मकड़ी जैसे मित्र कीटों की संख्या कम हो जाती है। अनुमानतः एक टन धान पैरा जलाने से 5.5 कि.ग्रा. नाईट्रोजन, 2.3 कि.ग्रा फास्फोरस 25 कि.ग्रा. पौटेशियम तथा 1.2 कि.ग्रा. सल्फर नष्ट हो जाता है।



Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### एक साल बाद भी चालू नहीं हुआ मोबाइल टावर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम नेवारी स्थापित बीएसएनएल टावर एक साल बाद भी चालू नहीं हो पाया। ग्रामीण भगवानी नेताम, जगतराम, अमरसिंग ने बताया कि हमारे गांव में एक साल पहले बीएसएनएल का नया मोबाइल टावर लगाया गया, लेकिन आज तक चालू नहीं किया गया है। नए मोबाइल टावर शोपीस बनकर खड़ा है। गांव के लोग नए मोबाइल टावर लगने बीएसएनएल सीम लेकर टावर चालू होने की एक साल से इंतजार करते बैठे हैं। पर भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी मोबाईल टावर की स्थापना कर चुप बैठे हुए हैं।

### जनपदस्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगेगा परेकोड़ो में 11 को




**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के क्लस्टर हाटकोदल की ग्राम पंचायत परेकोड़ो में 11 नवंबर को सुबह साढ़े 10 से दोपहर ढाई बजे तक आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों व समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें ग्राम पंचायत कलंगपुरी, सिवनी, तरईघोटिया, तरहुल, हाटकोंदल, भीरावाही, परेकोड़ो, झिटकाटोला के ग्रामीण शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुरेंद्र बंजारे ने शिविर में ब्लॉक स्तरीय व क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### चारामा में बस्तर ओलंपिक खेल का आयोजन 13 से

**चारामा।** ग्रामीण युवाओ को खेल के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने एंव रचनात्मक दिशा प्रदान करने युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने 13 नवम्बर से 16 नवम्बर तक शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम चारामा में आयोजित होगा। इसमें जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष और सीनियर वर्ग 17 वर्ष व उससे अधिक उम्र के महिला पुरूष भाग लेंगे। ओलंपिक प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में 100 मीटर से 400 मीटर तक दौड, लंबीकूद, उँचीकूद, गोलाफेंक, भाला फेक, 400 मीटर रिलेरेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबाल, रस्सा कसी, सहित जिला स्तर पर हॉकी एंव वेट लिफिटग खेलो का आयोजन होगा। 2000 से अधिक लोगो ने अभी तक पंजीयन करा लिया है एंव 12 नवम्बर तक अन्य खिलाड़ी भी अपना पंजीयन ग्राम एंव जनपद स्तर पर करा सकेंगे।

### सांसद एवं विधायक ने व्यवसाय के लिए सौंपा ऋण स्वीकृति पत्र

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 5 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में कांकेर तहसील के ग्राम मरदापोटी निवासी रामाधीन मातलाम को किराना स्टोर्स संचालन हेतु 47 हजार 500 रुपए का ऋण स्वीकृति पत्र सांसद एवं विधायक के द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के प्रभारी कार्यपालन अधिकारी आरएस कमल एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एलबी संवर्ग व्याख्याता अनिता का सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा**

शासकीय हाईस्कूल चिनौरी में पदस्थ एलबी संवर्ग के व्याख्याता अनिता मोहिते के सेवानिवृत्त होने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर्मचारी भवन में किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला और ब्लाक अध्यक्ष बोधन साहू ने कहा कि हमारे विकासखंड चारामा में पहली बार एलबी संवर्ग के शिक्षक का सेवानिवृत्त हो रहा है, लेकिन आज भी एलबी संवर्ग के शिक्षक पूर्ण पेंशन से वंचित हैं। सेवानिवृत होने पर समीक्षा चर्चा भी किया गया, जहां बहुत कम पेंशन की प्राप्ति की बात शिक्षा विभाग अधिकारियों द्वारा जानकारी मिली है। एलबी संवर्ग के व्याख्याता अनिता मोहिते अपने शिक्षकीय जीवन काल बहुत ही मितव्ययिता पूर्ण और बच्चों के बीच में आदर्श शिक्षिका रूप में काम किया है,जिनके उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हैं। सम्मान मिलने पर अनिता मोहिते ने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।



## टीचर्स एसोसिएशन चारामा का आयोजन

### ये रहे उपस्थित

सम्मान समारोह में जिला पदाधिकारी राजेंद्र खुडश्याम, पुरुषोत्तम सोनवंशी, मनीष तिवारी, पुरुषोत्तम मेश्राम, ममता श्रीवास्तव, चिंतामणी यादव, धर्मेन्द्र कुमार साहू, नीलू रजक, मिथलेशकर शर्मा, हरिराम सौंदर्य, बसंत लांजेवार, अमित सक्सेना, महिला प्रकोष्ठ से भुवनेश्वरी साहू, उमेश्वरी अवस्थी, ग्वालिन जुर्री,सोमपुष्पा मरकाम,मंगेश्वरी ठाकुर, पदमनी तेता उपस्थित रहे।

## अपराध : पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ मामला

# तीन युवकों ने की मारपीट, नकदी और बाइक लूटकर हो गए फरार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**



भानुप्रतापपुर के शराब दुकान में शराब पीने के लिए तीन दोस्तो में से एक दोस्त के साथ तीन अज्ञात युवकों ने मारपीट करते हुए मोटर सायकल, मोबाइल और नकद लूट लिया। मारपीट से ग्रामीण बेहोश हो गया, जिसे आरोपियों ने सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए।

थाने में शिकायत करने पहुंचे रानवाही निवासी लखन लाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 4 नवंबर को शाम करीबन 4 बजे के आसपास गांव के 55 वर्षीय शंभूराम पटेल पिता रजऊराम और 56 वर्षीय सूरज लाल नाग पिता जगदेव राम नाग दोनो आवासपारा रानवाही निवासी मेरे मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 9480 में सवार होकर देशी शराब दुकान भानुप्रतापपुर गए थे। शराब लेकर तीनो शराब दुकान के पीछे बैठकर शराब पिए। शराब पीने से ज्यादा नशा होने पर मोटर सायकल सीजी 19 बीएल 9480 को नहीं चला पाने से मोटर सायकल को मै वहीं पर खड़ा करके मोटर सायकल के बाजू में सो गया। मेरे साथ आए शंभूराम पटेल व सूरज लाल पटेल मुझे छोड़कर चले गए। कुछ समय बाद नशा कम होने पर उठकर घर जाने के लिए मोटर सायकल को चालू करने लगा तो मोटर सायकल चालू नही हुआ। मोटर सायकल को चेक किया तो प्लग को किसी अज्ञात ने निकाल लिया था। मोटर सायकल को धक्का देते हुए ले जा रहा था, जाते समय देखा देशी-विदेशी शराब दुकान व अहाता खुला था। शराब दुकान के सामने बंद पान दुकान के पास पंहुचा था कि शराब दुकान की तरफ से 3 लड़के एक पुरानी मोटर सायकल में आए, जिन्हे मै नहीं जानता। करीबन 9 बजे उसमें से एक लड़का काला रंग का हुड्डी टी शर्ट पहना हुआ था। तीनों मोटर सायकल से उतर कर पूछे क्या हो गया। मैंने बताया कि कोई व्यक्ति मेरे मोटर सायकल का प्लग निकाल लिया है। तीनों बोलने लगे कि हमारे पास प्लग है, हम तुम्हारी मदद कर देंगे कहते हुए काला रंग का हुड्डी टी शर्ट पहना हुआ लड़का मेरे पीछे गया। गाली देते हुए दारू पीने आया है, कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए पीछे से एक व्यक्ति किसी वजनदार वस्तु से हमला किया। तीनों मिलकर हाथ मुक्का व लात घूसा से मारपीट किए। मारपीट करने से सिर में, दाहिना हाथ, चेहरे में चोट लगने से मै बेहोश होकर वहीं गिर गया। होश में आने पर देखा तो उस समय आसपास कोई नहीं था। मुझे पान दुकान के बाजू घास के पास फेंककर मेरा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 9480 कीमत करीबन 18 हजार रूपएं, एक मोबाइल और नकद 500 रुपए को लूटकर ले गया। अंधेरा सुनसान होने से पैदल चलकर अपने ग्राम रानवाही 5 नवंबर की रात 1 बजे के करीबन घर पहुंचा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 309 (4), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# दुर्गा चौक में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

## नकद दो हजार रुपए जब्त



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

नरहरपुर पुलिस ने आवासपारा दुर्गा चौक के पास रात को छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पकड़ा और उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। तीनों जुआरियों के कब्जे से कुल 2 हजार 130 रुपए को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को आता देख कुछ जुआरी भागने में कामयाब हुए। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आवासपारा नरहरपुर दुर्गा चौक के पास कुछ लोग ताश के 52 पत्ते से रुपए पैसा का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 5 नवंबर की रात 10 बजे पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए तीन जुआरियों को पकड़ा। कुछ जुआरी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से वार्ड क्रमांक 11 निवासी 50 वर्षीय ध्रुव पिता स्व. बुधारूराम ध्रुव, वार्ड क्रमांक 10 निवासी 32 वर्षीय हरीश साहू पिता स्व. जागेश्वर साहू और वार्ड क्रमांक 11 निवासी 36 वर्षीय क्षत्रपाल साहू पिता शिवप्रसाद साहू को जुआ खेलते हुए दबोचा। जुआरी धनश्याम ध्रुव के पास से 310 रुपए व फड़ से 150 रुपए, हरीश साहू के पास से 500 रुपए व फड़ से 500 रुपए और क्षत्रपाल साहू के पास से 320 रुपए व फड़ से 350 रुपए कुल 2 हजार 130 रुपए, ताश के 52 पत्ते को जब्त किया गया। जुआ खेलते हुए जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) छग जुआ प्रति. अधि. 2022 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बस्तर विवि के स्टॉल का सीएम ने किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में राज्योत्सव पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गये प्रदर्शनी डोम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर का भी स्टॉल लगाया गया है।

राज्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विवि की एकेडमिक गतिविधियों से संबंधी फ्लेक्स और कालीपुर में प्रस्तावित विवि के नए भवन के बिल्डिंग मॉडल की सराहना की। विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सजीवन कुमार ने इस दौरान जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बहुविषयी शिक्षा, शोध की स्थिति, विकास के आगामी योजनाओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

विवि की ओर से सह-प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सोनी और अतिथि व्याख्याता राहुल सिंह, पूजा ठाकुर व श्रद्धा डोंगरे ने राज्योत्सव में अवलोकन के दौरान विश्वविद्यलय का प्रतिनिधित्व किया। बस्तर विवि के स्टॉल अवलोकन के लिए कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि परिवार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

### अवैध शराब बरामद एक गिरफ्तार

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी पुलिस ने छामापार कार्रवाई करते हुए हाथ भट्टी से बना हुआ कच्ची महुआ शराब के साथ शराब कोचिए को पकड़ा। कोचिए के कब्जे साढ़े 3 लीटर महुआ शराब को बरामद किया गया। पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम गढ़ियापारा बासनवाही में हाथ भटट्टी से बना देशी महुआ शराब अवैध रूप से बेच रहा है। मिली जानकारी की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर शराब बेच रहे व्यक्ति को पकड़ा जो एक जरकीन में हाथ भट्टी से बना हुआ देशी महुआ शराब रखकर बिकी कर रहा था। नाम पता पुछने पर अपना नाम गढ़ियापारा बासनवाही निवासी 25 वर्षीय महेश कुमार नेताम पिता श्यामु राम नेताम बताया। शराब कोचिए के कब्जे से साढ़े 3 लीटर महुआ शराब कीमती साढ़े सात सौ रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर चंवाड़ में मिले 42 आवेदन



**कांकेर।** नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम चंवाड़ में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार 6 नवंबर को ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। जनपद पंचायत के सीईओ अश्विनी यादव ने बताया कि जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जिला एवं जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम चंवाड़ में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 14, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 11 तथा समाज कल्याण विभाग के 05 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका यथासंभव निराकरण किया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक हुईं शामिल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा**

विकासखंड चारामा के ग्राम पंडरीपानी में दीपावली के पावन अवसर पर नव युवा जागरण समाज सेवा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक लहर नरहरपुर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सावित्री मनोज मंडावी, हिरवेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि, संतोषी सिन्हा जनपद सदस्य, महेन्द्र नायक प्रदेश महासचिव एनएसयूआई , रेखा देहारी सरपंच, वाशु चंद्रवंशी, हेतराम मंडावी, पवन सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।










राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिले के वरिष्ठ नेताओं को दी जिम्मेदारी

**धमतरी।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने कांग्रेस ने कमर कस ली है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार सामाजिक स्तर पर मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील करने के लिए विभिन्न सामाजिक वर्ग के पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के वरिष्ठ नेताओं शरद लोहाना, गुरूमुख सिंह होरा, हर्षद मेहता, अंबिका मरकाम, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, लेखराम साहू, विपिन साहू, आनंद पवार, अनुराग मसीह को प्रभार सौंपा गया है। वरिष्ठ नेताओं के प्रभारी नियुक्त होने से स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### जिपं सीईओ हरेश ने किया पदभार ग्रहण



**कांकेर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में अपर कलेक्टर हरेश मंडावी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर 6 नवंबर को पूर्वाह्न में पदभार ग्रहण कर लिया है।

### सुखई में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग सांसद को दिया ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सुखई, नेवारी, मिचेसुखई, हल्बा पारा मिचेसुखई, मेड़ो व चाहचाड़ के किसानों ने ग्राम सुखई में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर सांसद भोजराज नाग को ज्ञापन सौंपा है। किसान एवं सरपंच प्रतिनिधि जगत दुग्गा, देवेंद्र टेकाम भारत सलाम कृष्ण जैन बंसी महावे राजेंद्र बेसरा नंदू खरे ने बताया कि ग्राम सुखई, नेवारी, मिचेसुखई, हल्बा पारा मिचेसुखई, मेड़ो व चाहचाड़ में ग्राम कोदापाखा लैम्पस के आश्रित गांव है। यहां धान की अच्छी पैदावार होती है, लेकिन अपनी मेहनत की उपज को बेचने के लिए ग्राम कोदापाखा के खरीदी केंद्र में लाइन लगाना पड़ता है। खरीदी केंद्र में किसानों की अधिक भीड़ होने के कारण कई किसान अपना धान नहीं बेच पाते हैं। इसलिए ग्राम सुखई धान खरीदी खोलने की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा है। सांसद में धान खरीदी केंद्र खुलवाने का आश्वासन दिया है।

### मुहल्लेवासियों की पुरानी मांग हुई पूरी अब बनेगी सीसी सड़क



**कांकेर।** नए कम्युनिटी हाल से लेकर अंबेडकर मूर्ति तक बारिश में इस सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता था, जबकि अधिकतम सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों का आना जाना इसी मार्ग से होता था। अंततः पार्षद के प्रयास से सड़क की स्वीकृति हुई और पार्षद व मुहल्लेवासियों ने 6 नवंबर को भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान पार्षद शैलेन्द्र शोरी, निर्मला मंडावी, रीना शोरी, चमेली ठाकुर, प्रीति साहू, सुनीता सोनी, रेहाना बानो, सावली कुंजाम व अन्य मुहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## बिरेझर पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा, बाइक व मोबाइल, कार जब्त

# 28 किलो गांजा के साथ विक्रेता व खरीदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

बिरेझर पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले और इसके खरीदार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 28 किलो गांजा, बाइक व मोबाइल जब्त किया गया है।



पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की एक लाल रंग की टीव्हीएस राइडर स्पोटर्स मोटरसाइकिल में मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करने ग्राम मौरीकला की ओर से ग्राम कोड़ेबोड़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस ग्राम आलेखुंटा के पास आने जाने वाले वाहन पर निगाह रख रही थी। कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति आलेखुंटा की ओर से आते हुये दिखाई दिये। उक्त मोटर साइकिल को रोका गया जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। नाम पता पूछने पर अपना नाम बलराम चन्द्राकर एवं विक्रम बघेल निवासी ग्राम अण्डा थाना अण्डा जिला दुर्ग का बताया। बोरी में गांजा होना स्वीकार किया। ओडिशा से गांजा लाना व भण्डारा महाराष्ट्र निवासी अनिल कुमार ठाकरे एवं उसके साथी मयंक यादव को देने के लिए जाना बताया। अनिल कुमार ठाकरे एवं उसके साथी मयंक यादव को पुराना धमतरी रोड में अभनपुर व कचना के बीच ढाबे के पास इंतजार करने की बात बताई। इसके बाद उसे पकड़ने तत्काल पुलिस टीम रवाना हुई। पुलिस ने बलराम चन्द्राकर एवं विकम बघेल के कब्जे से 28 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

कचना गई पुलिस टीम ने गांजा के खरीदार अनिल कुमार ठाकरे एवं मयंक यादव को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने भण्डारा महाराष्ट्र से गांजा लेने आना स्वीकार किया। गवाहों के समक्ष इनकी तलाशी ली गई। इनके कब्जे से दो स्मार्ट फोन व अपराध में प्रयुक्त वाहन कार फोर्ड फिगो क्र. एमएच 02 सीडब्लू 2097 को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी बलराम चन्द्राकर पिता नंद कुमार चन्द्राकर उम्र 36 वर्ष, विक्रम बघेल पिता कमल बघेल उम्र 24 वर्ष दोनों ग्राम अण्डा थाना अण्डा जिला दुर्ग निवासी को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट एवं आरोपी अनिल कुमार ठाकरे पिता फुलचंद ठाकरे उम्र 42 वर्ष निवासी अंबागढ़ थाना आदडगांव जिला भण्डारा महाराष्ट्र एवं मयंक यादव पिता मन्नु यादव उम्र 20 वर्ष निवासी वर्ती थाना वर्ती जिला भण्डारा महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। चौकी बिरेझर में धारा 20 (ख), 29 नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बिरेझर निरीक्षक चन्द्रकांत साहू, साइबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, प्रआर दारा चन्द्राकर, सोहन ध्रुव, आरक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, विमल पटेल, डेमन साहू, कमलेश विश्वकर्मा, नंद कुमार ध्रुव, चालक आरक्षक तोषण साहू एवं साइबर टीम से प्रआर लोकेश नेताम, आरक्षक कमल जोशी, योगेश नाग, मनोज साहू, दीपक साहू, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, फ़नेश साहू, विकास द्विवेदी, आनंद कटकवार, मुकेश मिश्रा का योगदान रहा।

# डॉ. विनोद पाठक पीजी कॉलेज के नए प्राचार्य बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मैथ्स के सीनियर प्रोफेसर डॉ. विनोद पाठक बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के नए प्राचार्य बने। डॉ. पाठक ने बुधवार को एक सादे समारोह में प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। श्री पाठक के प्राचार्य बनने पर शिक्षकों, छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



विदित हो कि डॉ. पाठक गणित के प्राध्यापक हैं। वे 1993 से 2018 तक पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक रहे हैं। 2018 से 2022 तक बस्तर विवि के कुलसचिव रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय में 2022 से 2023 तक उप संचालक के पद पर रहे हैं। इसके बाद श्री पाठक 2023 में पीजी कॉलेज में फिर पदस्थ हुए, जहां उनकी कार्यशैली और प्रशासनिक कसावट को देखते हुए पीजी कॉलेज का प्राचार्य बनाया गया।

बता दें कि श्री पाठक के मार्गदर्शन में 7 पीएचडी शोधार्थी छात्रों ने डॉक्टरेट की उपाधि ग्रहण की है। 40 रिसर्च पेपर शोध अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। 2 रिसर्च प्रोजेक्ट भी हैं। इसके अलावा दर्जनों कांफ्रेंस, कार्यशाला का आयोजन श्री पाठक के मार्गदर्शन में हुआ है।

श्री पाठक को 35 साल के अध्यापन का अनुभव है। साथ ही डॉ. पाठक ने चुनाव के समय मास्टर ट्रेनर की भूमिका भी बखूबी निभाई है।

# नेहरू गार्डन में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय अस्पताल रोड स्थित नेहरू गार्डन में रात में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यह अंधेरा पसरा रहता है। गार्डन घूमने आने वाले लोगों का कहना है कि गार्डन के अंदर कुछ जगहों पर ही लाइट लगाई गई है। उन्होंने नगर निगम से मांग करते हुए कहा कि गार्डन में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था करें ताकि गार्डन आने वाले आसानी से यहां घूम फिर सके। अंधेरे का फायदा आसामाजिक तत्व उठा रहे हैं। यहां शराबखोरी हो रही है। लाइट नहीं होने के कारण लोग 6 बजे के बाद गार्डन आने से परहेज कर रहे हैं।

# रासेयो छात्रों ने यातायात जागरुकता, सॉफ्ट जीवन शैली एवं नशा मुक्ति पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में रासयो का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत मथुराडीह में शुरू हुआ है, जो 11 नवंबर तक चलेगा। शिविर का मुख्य थीम डिजिटल साक्षरता एवं यूथ फार माय भारत रखा गया है। इसी क्रम में 6 नवंबर को यातायात जागरूकता, सॉफ्ट जीवन शैली एवं नशा मुक्ति पर कार्यक्रम हुआ। 7 नवंबर को मानसिक स्वास्थ्य पर डॉ यश कुमार साहू और डॉ प्रीति जिला अस्पताल धमतरी, विधिक जागरूकता पर लीगल एंड क्लीनिक इकाई विधि विभाग बीसीएस पीजी कॉलेज, 8 नवंबर को कृषि जागरूकता फत्तेलाल पटेल डीपीटी आत्मा योजना जिला धमतरी, 9 नवंबर को गांधी जी के विचार एवं आज के युवा पर नरेंद्र साहू अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं यूथ फॉर माय भारत पर नितिन शर्मा नेहरू युवा केंद्र धमतरी चर्चा करेंगे। इससे पहले प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को मथुराडीह के लिए रवाना किया।

शिविर का उद्घाटन सरपंच परमेश्वर देवांगन ने किया। अध्यक्षता जोहित नेताम ग्राम प्रमुख ने की। विशेष अतिथि मनसाय मंडावी, रामचरण नेताम पंच, राघव नेताम, श्यामलाल नेताम, गजाधर ध्रुव पुजारी थे। कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम ने शिविर के उद्देश्य से अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका एवं कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम को परमेश्वर देवांगन व जोहित नेताम ने भी संबोधित किया। इस दौरान खेलकूद का भी आयोजन हुआ। मौके पर सहायक प्राध्यापक हिमांशी कदम, सहायक प्राध्यापक भीखमलाल, परमानंद भोई, संतोष साहू समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# नीशु रायपुर दक्षिण उपचुनाव के प्रभारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर को उपचुनाव के रायपुर नगर दक्षिण का बूथ चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। श्री चन्द्राकर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके कार्यों को देखकर दी गई है।



इससे पहले वे पार्टी में महत्वपूर्ण पद को भी संभाल चुके हैं। धमतरी विधानसभा चुनाव के दौरान सक्रिय रूप से प्रभारी की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। प्रभारी नियुक्त होने पर श्री चंद्राकर ने कहा कि रायपुर दक्षिण में कांग्रेस नया इतिहास रचेगी। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, मोहन लालवानी, महापौर विजय देवांगन, विपिन साहू, आलोक जाधव, गोविंद साहू, कविता बाबर, मनोज साक्षी, राजा देवांगन, आकाश गोलछा सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अलंकरण समारोह आज

**धमतरी।** स्काउट्स गाइड्स के स्थापना दिवस पर अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है। जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि भारत स्काउट्स गाइड्स के स्थापना दिवस पर जिला संघ धमतरी द्वारा 7 नवंबर को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे डॉ शोभाराम देवांगन उमावि में आयोजित है।

# सोसाइटी कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। बुधवार को तीसरे दिन भी गांधी चौक मैदान में आंदोलन जारी रहा।

संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्तरीय इस आंदोलन में जिले की 74 सहकारी समितियों के कर्मचारी शामिल हैं। आंदोलन की वजह से कामकाज ठप है। लंबित तीन सूत्रीय मांगों में मप्र सरकार की तरह छग में भी तीन लाख रूपये प्रतिवर्ष प्रबंधकीय अनुदान राशि दी जाए। दूसरी मांग सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जाए। तीसरी मांग धान खरीदी सत्र 2023-2024 में धान परिवहन के पश्चात आई सूखत दिलाने आगामी वर्षों में धान में सूखत दिया जाए। सभी कमीशन को चार गुना बढ़ाया जाए।

# छठ महापर्व के दूसरे दिन हुआ खरना

- व्रती महिलाएं आज शाम को डूबते सूर्य को देंगी अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना मनाया गया। इस दिन व्रती महिलाओं ने पर्व के लिए प्रसाद बनाया। इसके बाद 36 घंटों का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाता है। खरना में रोटी गुड़, खीर का भोग लगाया गया है।

व्रती परिवार विनय कुमार, विनोद चौधरी, अनामिका चौधरी, रामकुमार अकेला, रामप्रवेश, रामभवन कुशवाहा, सुधीरकांत सिन्हा आदि ने बताया कि खरना के दिन मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई गई। खीर बनाने पीतल के बर्तन का उपयोग हुआ। खीर प्रसादी बनाने शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखा गया। खीर, मिठाई के अलावा ठेकुआ, लड्डू आदि बनाए गए। प्रसाद के लिए खीर व्रती महिलाएं ही बनाती हैं। पूजा के समय सभी देवी देवता, छठी मैया, सूर्यदेव को प्रसाद अर्पित किया गया। इसके बाद व्रती महिलाएं खीर का प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगी। व्रत धारण करने वाले जमीन पर शयन करने के साथ ब्रम्हचर्य का पालन करते हैं। यह व्रत काफी कठिन है इसलिए भूलकर भी गलती नहीं किया जा सकता। शुद्धता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। खरना के बाद तीसरे दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। इसके लिए सपरिवार तालाब, नदी में कमर तक पानी जाकर डूबते सूर्य का इंतजार करेंगे। डूबते सूर्य को अर्ध्य देने से पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है।

### लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज ने मनाई दिवाली

**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज लिमतरा द्वारा ग्राम लिमतरा के साहू भवन में दिवाली मिलन एवं उत्कृष्ट कृषक सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष गोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# जननी सेवा संस्थान को किया सम्मानित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले अधिकारी एवं स्वयंसेवी संगठनों का सम्मान किया गया। इस दौरान जननी सेवा संस्थान अर्जुनी धमतरी के संयोजक शेषनारायण गजेंद्र को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।



## सोरिद में धूमधाम से दीपावली, मातर उत्सव एवं भाईदूज का पर्व मनाया गया

# यादव समाज के बच्चों ने दी राउत नाचा की पारंपरिक प्रस्तुति







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोरिद में धूमधाम से दीपावली पर्व मनाया गया। हाईस्कूल भवन के पास सहाड़ा देव परिसर में कार्यक्रम हुआ। यादव समाज के स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक परिधान में राउत नाचा की प्रस्तुति दी गई। भाई दूज मातर उत्सव में प्रमुख आकर्षण बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम था। राउत नाचा, सुआ गीत, दुकालू यादव के छत्तीसगढ़ी गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को प्रभावित किया। हर गीत पर दर्शकों ने आशीर्वाद के साथ इनाम की झड़ी लगा दी। इस दौरान सोरिद स्कूल के शिक्षक ज्ञानेंद्र गुप्ता का शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद रितेश नेताम, पार्षद दीपक गजेंद्र, शिक्षक लालाराम मगेंद्र, बसंत देवांगन, डीके देवांगन, महेश मगेंद्र, मकसूदन सिन्हा, तुलसीराम नेताम, दीपक यादव, रामजीवन यादव, राजाराम यादव, महेंद्र यादव, बबलू यादव, धनेश यादव, रमेश यादव उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411